# बैठक सूचना

दिनाँक 20/07/2023

महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयोजक एवं सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 21/07/2023 को अपराह्न 02:30 बजे प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आहूत की गई है जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

बैठक का एजेण्डा निम्नानुसार है –

1. वार्षिक परीक्षा-फल का विश्लेषण।
2. प्रवेश संबंधी जानकारी।
3. समय-सारिणी निर्माण।
4. संस्था का वार्षिक कैलेण्डर निर्माण।
5. मूलभूत आवश्यकताओं पर चर्चा।
6. प्राचार्य की अनुमति से अन्य आवश्यक विषय।
7. वैल्यू एडेड कोर्स प्रारंभ करने विषयक।

दिलीप कुमार

A Kaushik

PRINCIPAL
Fanikeshwar nath Govt. College
Fingeshwar, Distt.-Gariyaband (C.G)

Scanned with OKEN Scanner

# बैठक कार्यवाही

दिनाँक 21/07/2023

आज दिनाँक 21/07/2023 को प्राचार्य की अध्यक्षता में अपराह्न 02:30 बजे आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक ली गई, जिसमें निम्न सदस्य व संयोजक उपस्थित रहें:-

1. श्री कमलेश्वर प्रसाद निषाद संयोजक IQAC
2. -"- देवादास बंजारे सदस्य -"-
3. -"- रितेश गोलछा -"-
4. -"- तीरथ राम कपूर -"-
5. डॉ. अलका कौशिक -"-
6. श्री बलराम नागवंशी प्रशासन क्षेत्र प्रतिनिधि
7. -"- एस. एस. कंवर प्रबंधन क्षेत्र प्रतिनिधि
8. -"- दिलीप कुमार साहू सामाजिक क्षेत्र प्रतिनिधि दिलीप कुमार
9. कु. योगिता शर्मा भूतपूर्व छात्र प्रतिनिधि
10. श्री चितेश्वर साहू छात्र प्रतिनिधि
11. श्री उत्तम कुमार देवांगन नियोक्ता प्रतिनिधि

## कार्यवाही विवरण

1. वार्षिक परीक्षाफल का विश्लेषण:- बी.ए प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम संतोषप्रद रहा। बी.कॉम तीन वर्ष के छात्रों के वार्षिक परीक्षा परिणाम आशा के अनुरूप संतोषप्रद रहा। बी.एस.सी के तीनो वर्षों के छात्र-छात्राओं के परिणाम केवल रसायन शास्त्र विषय के परिणाम पर चिंता करने योग्य रहे, जिसमे अधिक संख्या में छात्र रूक आये हैं। अतिथि व्याख्याताओं के शिक्षण पर विश्लेषण की आवश्यकता है।
2. प्रवेश संबंधी जानकारी:- महाविद्यालय में प्रथम वर्ष की B.Sc., B.A, और B.Com, तथा M.A. I st Sem एवं M.Sc. I Sem में प्रवेश चल रही है, B.Sc (Bio) व B.Sc (Math) के 123 व 60 स्वीकृत सीट्स के विरुद्ध वर्तमान तिथि तक 70% व 10% प्रवेश हुए है, जबकि B.A. के 128 सीट्स

Page No
Date

के विरुद्ध 95% छात्र प्रवेश ले चुके हैं। B.Com के 60 स्वीकृत सीट्स के विरुद्ध केवल 16 छात्रों ने प्रवेश लिया है। B.Sc. (गणित) व B.Com के कम प्रवेश प्रतिशत पर चर्चा कर कारण जाना गया जिसमें पोषक विद्यालयों के में गणित संकाय तथा कॉमर्स में कम छात्रों का प्रवेश लेना है। महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा पोषक विद्यालयों से संपर्क करने का निर्णय लिया गया।

3. समय सारिणी निर्माण :- तीनो संकायों में द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र - छात्राओं के कक्षाएँ प्रारंभ की जा चुकी है। महाविद्यालय के स्नातक व स्नातकोत्तर की नियमित कक्षाओं के संचालन हेतु समय - सारिणी के निर्माण हेतु समय - सारिणी समिति को निर्देश दिया गया तथा एक सप्ताह में समय सारिणी घोषित करने कहा गया।

4. संस्था का वार्षिक कैलेण्डर निर्माण : महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन उच्च शिक्षा विभाग के अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार होता है, अतः महाविद्यालय का वार्षिक कैलेण्डर भी जारी होना है, जिसके निर्माण हेतु IQAC संयोजक को निर्देशित किया गया।

5. मूलभूत आवश्यकताओं पर चर्चा :- उपस्थिति पंजी, डैनकी, चॉक, डस्टर आदि का वितरण प्राध्यापकों को किया जा चुका है। छात्र - छात्राओं को ग्रंथालय से पुस्तके प्रदान की जा रही है।

6. सामान्य हिन्दी, गणित, तार्किक व कम्प्यूटर के सामान्य ज्ञान पर आधारित एक वैल्यूऐडेड कोर्स प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें सभी प्राध्यापक अपने विषयानुरूप अध्यापन करायेंगे।

PRINCIPAL
Fanikeshwar Nath Govt. College
Fingeshwar, Distt.-Gariyaband (C.G)

Scanned with OKEN Scanner